# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किनारे लगेंगे नए उद्योग

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक गुरुवार को डीएम की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में जनपद नए उद्योगों की स्थापना पर चर्चा हुई। 250 इस सम्बन्ध में गठित समिति को 250 एकड़ भूमि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के निकट चिह्नित करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीएम अभिषेक प्रकाश ने बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल स्वीकृतियां, अनापत्तियां, अनुमतियों के लम्बित आवेदनों, स्वीकृतियों और शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण का निर्देश दिया। साथ ही तुलसीदास मार्ग निकट बालाजी मंदिर के पहले बनी पुरानी पुलिया के चौड़ीकरण के सम्बन्ध में चर्चा हुई। सम्बंधित विभाग बोले कि कार्य जल्द ही पूरा करवाया जाएगा। सरोनीनगर एवं अमौसी औद्योगिक क्षेत्र के हस्तांतरण के संबंध में नगर निगम, यूपीसीडा को निर्देश समन्वय स्थापित कर हस्तांतरण कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र गोयला की सड़क के निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी को खर्च का ब्योरा तैयार कर समिति के सामने आगे की कार्रवाई के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। नगर निगम से कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों चिनहट, नादरगंज, राजकीयऔद्योगिक आस्थान, तालकटोरा रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाएं।